तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 13.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025





गांधी चौक से जगमल चौक तक अवैध कब्जाधारियों पर नगर निगम का अतिक्रमण अमला द्वारा कार्रवाई की गई।

## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय कोनी में प्लेसमेंट कैंप 10 को

**बिलासपुर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी में 10 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया है। 3 कम्पनियों द्वारा असिस्टेंट , मार्केटिंग मैनेजर, फिल्ड डेवलेपमेंट असिस्टेंट, फिजियो थैरिपिस्ट असिस्टेंट के 15 पदों पर भर्ती की जाएगी। 12वीं एवं स्नातक पास अभ्यर्थी इस कैंप में भाग ले सकते हैं। इच्छुक आवेदक अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर कैंप का लाभ ले सकते हैं।

### न्यायाधीश पदों पर चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी

**बिलासपुर।** छग उच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ निम्नतर न्यायिक सेवा के अंतर्गत व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) पदों पर पदोन्नति के लिए वर्ष 2025 में चयनित उम्मीदवारों की सूची छग उच्च न्यायालय बिलासपुर की वेबसाइट highcourt.cg.gov.in पर उपलब्ध है।

### टैक्नीशियन पदों पर भर्ती के लिए काउंसिलिंग 10 को

**बिलासपुर।** जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत अस्थायी आधार पर वर्ष 2024-25 में लैब टैक्नीशियन पदों पर भर्ती के लिए 26 दिसंबर 2024 को चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी की गई थीं। जिसमें प्रतीक्षा सूची अभ्यर्थियों की पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग उपरांत 9 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया संपन्न होगी। काउंसिलिंग 10 मार्च को दोपहर 2 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय सरकंडा में होगी।

### हमला होते हुए देख ग्रामीणों ने मचाया शोर

# तखतपुर के कठमुंडा में घूम रहे बाघ ने ग्रामीण पर किया हमला

**वन विभाग ने जारी किया अलर्ट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/तखतपुर

तखतपुर के कठमुंडा में घूम रहे बाघ ने गुरुवार को खेत जा रहे एक ग्रामीण पर हमला कर दिया, दूसरे किसानों के शोर मचाने पर बाघ भाग निकला, घायल ग्रामीण को उपचार के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने तखतपुर में बाघ के पग मार्क देखने के बाद इसकी पुष्टि करते हुए इस गांव के अलावा आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया है।



घायल

जानकारी के अनुसार बिलासपुर वन मंडल के तखतपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत कठमुंडा में गुरुवार की सुबह गांव का एक किसान शिवकुमार जायसवाल अपने खेत में पानी डालने के लिए जा रहा था। इस दौरान अचानक झाड़ियों से निकले बाघ ने किसान शिवकुमार पर हमला कर दिया, जिससे किसान के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोट पहुंची है। किसान पर हमला होते हुए देख ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरु कर दिया, जिससे बाघ वहां से भाग निकला। ग्रामीणों ने घायल किसान को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल तखतपुर हास्पिटल में भर्ती किया, डाक्टरों ने मरहम पट्टी करने के बाद शिवकुमार जायसवाल को सिम्स में रिफर कर दिया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। बाघ के अचानक किसान पर हुए हमले से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग अब अपने खेतों में जाने से घबरा रहे हैं।



झाड़ी में आराम करता बाघ।



घटनास्थल का निरीक्षण करते वनकर्मी।

**डेढ़ साल पहले आया था तेंदुआ :** बाघ के कारण तखतपुर के कठमुंडा और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बाघ की खोजबीन करने में बिलासपुर वन मंडल, कानन पेण्डारी मीडियम जू और एटीआर के अधिकारी व कर्मचारी लगे हुए हैं। बाघ से पहले तखतपुर के पेण्डारी में डेढ़ साल पहले तेंदुए की दहशत थी। सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम को रेस्क्यू करने में काफी समय लग गए थे, जिसे कानन पेण्डारी में लाकर उपचार किया गया और कुछ दिन बाद उसकी मौत हो गई थी।

### लकड़बग्घा होने की थी आशंका, निकला बाघ

घटना की सूचना मिलते ही बिलासपुर वन मंडल के वन मंडलाधिकारी सत्यदेव शर्मा ने तत्काल स्टाफ को निगरानी करने के साथ अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया। पग मार्ग के अनुसार शुरुआत में टाइगर के स्थान पर उसके लकड़बग्घा होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। दोपहर 1 बजे तखतपुर वन परिक्षेत्र के साथ कानन पेण्डारी मीडियम जू, अचानकमार टाइगर रिजर्व और बिलासपुर वन मंडल का अमला बाघ की खोजबीन करता रहा। दोपहर डेढ़ बजे डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने मौके पर पहुंचने के बाद पग मार्क की जांच की, उन्होंने पगमार्क बाघ के होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि खेत से कुछ किलोमीटर की दूरी पर झाड़ियों में बाघ को आराम करते हुए देखा गया है। सूचना मिलते ही तत्काल टीम को निगरानी करने के अलावा ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह के साथ रात के समय खेतों में अकेले नहीं जाने की सलाह दी गई है।

### दो तीन दिन से आसपास घूम रहा है बाघ

मौके पर मौजूद ग्रामीणों से पूछताछ में जानकारी मिली कि बाघ इससे पहले बेलगहना के आसपास देखा गया था। इसके बाद वह कोटा होते हुए तखतपुर के अन्य स्थानों पर पिछले दो तीन दिन से आ गया था, जिसे कुछ लोगों ने देखने के बाद सूचना वन विभाग को दी थी। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बाघ के पग मार्क को देखकर खोजबीन कर रहे थे, लेकिन उन्हें बाघ कहीं भी नहीं मिल सका।

**टाइगर कहां से आया जानकारी नहीं**

तखतपुर रेंज के कठमुंडा में ग्रामीण पर हमला हुआ है, जिसकी हालत वर्तमान में बेहतर है। मौके पर पहुंचने के बाद बाघ दिखा है, जो झाड़ियों में छिपा हुआ है। यह कहां से आया यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल विभागीय टीम इसकी लगातार निगरानी कर रही है और ग्रामीणों को बाहर नहीं निकलने की सलाह भी दी गई है।

-सत्यदेव शर्मा

### हाथी के हमले से घायल चौकीदार की हालत सुधरी

एक ओर तखतपुर रेंज में बाघ ने ग्रामीण पर हमला किया। वहीं दूसरी ओर एक दिन पहले बुधवार की शाम 7 बजे अचानकमार टाइगर रिजर्व के सिंहावल सागर के पास एक पालतू हाथी ने अपने ही चौकीदार को उठाकर पटक दिया। जानकारी के अनुसार चौकीदार पंचराम बैगा और उसकी पत्नी शाम को सिंहावल सागर में हाथी का भोजन लेकर गए हुए थे। भोजन देने के बाद जैसे ही चौकीदार पंचराम पलटा, वैसे ही हाथी ने अपनी सूंड से उठाकर चौकीदार पंचराम बैगा को पटक दिया। इस दौरान हाथी का दांत उसकी पीठ पर लगने से गंभीर चोट पहुंची। सूचना पर उसे कोटा में प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स हास्पिटल रिफर कर दिया गया। देर रात और गुरुवार की सुबह आईसीयू में रखने के बाद चौकीदार पंचराम बैगा की हालत में सुधार होते ही सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। इस संबंध में अचानकमार टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने बताया कि चौकीदार की हालत बेहतर है, जिसे एक दो दिन में छुट्टी दे दी जाएगी। पंचराम प्रतिदिन हाथी के लिए भोजन लेकर जाता था, लेकिन अचानक उसपर हाथी ने हमला क्यों किया। इसकी जानकारी ली जा रही है।

## बाइक सवार युवक से 8 किलो गांजा जब्त

**बिलासपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस को देखकर दो युवक सड़क पर बाइक गिराकर भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाते हुए एक युवक को पकड़ लिया। युवकों के पास से पुलिस ने 8 किलो गांजा जब्त किया है।

गुरूवार को दोपहर 12 बजे ट्रैफिक डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार, टीआई वाईके नाग, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र मिश्रा अजाक थाना के सामने वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सरकण्डा थाना की ओर से जा रहे बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर बाइक को गिराकर भागने लगे। ट्रैफिक पुलिस ने करीब आधा किलो मीटर दौड़ाकर गनियारी निवासी विकास वर्मा को पकड़ लिया। वहीं उसका साथी भागने में कामयाब हो गया। पुलिस ने बाइक में रखे तेल के कार्टून और सीटकवर में गांजा का पैकेट मिला। जिसका वजन 8 किलो था। ट्रैफिक पुलिस ने युवक को कार्रवाई के लिए सरकण्डा पुलिस को सौंप दिया है।



**ओडिशा से ला रहे थे गांजा**

पकड़े गए युवक ने बताया कि वह गनियारी निवासी संदीप वर्मा के लिए ओड़िसा से गांजा लेकर आ रहा था। भाग गए उसके साथी का नाम गनियारी निवासी समीर वर्मा है। पुलिस ने गनियारी में दबिश दी तो दोनों नहीं मिले।

## उत्तरी हवा चली, 8 डिग्री घटा तापमान

**बिलासपुर।** उत्तरी हवाओं के आने से बुधवार की देर रात से मौसम में एकाएक परिवर्तन हो गया है। मंगलवार की रात तक जहां गर्मी का अहसास हो रहा था, वहीं बुधवार की रात ठंडी हवा चलने से तापमान 8 डिग्री कम हो गया है।

मार्च के पहले सप्ताह में दिन का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। सुबह से तेज धूप निकले होने के कारण दोपहर तक तापमान 32 डिग्री तक पहुंच रहा है। दिन के तापमान में कोई बदलाव नहीं हो रहा है, परन्तु रात के तापमान में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 21.2 डिग्री दर्ज किया गया था। रात के तापमान में वृद्धि होने के कारण लोगों के घरों के पंखे और एसी चालू हो गए थे, परन्तु बुधवार की रात से मौसम ने एकाएक यू टर्न लिया है। उत्तर की ओर से ठंडी हवाओं के छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने से ठंड बढ़ गई। घरों के एसी, पंखे भी बंद हो गए। एक रात में ठंड के कारण तापमान लगभग 8 डिग्री कम हो गया। बुधवार को अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में एकाएक परिवर्तन होने से लोगों के घरों के एसी तो बंद हो ही गए हैं, रात में घरों से बाहर निकलने वालों के गर्म कपड़े एकबार फिर बाहर निकल आए हैं। दिन में गर्मी और रात में ठंड बढ़ने से अब एकबार फिर सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

■ रात में चलने लगी ठंडी हवा, तेजी से बढ़ती गर्मी से मिली राहत






## खबर संक्षेप

### सीए इंटरमीडियेट परीक्षा में शहर की खुशी रही टाप पर



**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने पिछले दिनों इंटरमीडियेट का रिजल्ट जारी किया। जिसमें शहर की रहने वाली खुशी मून्दड़ा ने बोथ ग्रुप की परीक्षा पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर टापर बनीं है। 600 अंक वाली इस परीक्षा में उन्होंने 441 अंक प्राप्त किया है। खुशी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों और अपने बड़े भैय्या के मोटिवेशन एवं बेहतर गाइडेंस का दी है। वे वैशाली नगर फेस-2 में रहने वाले सोनू मुन्दड़ा व पूजा मून्दड़ा की पुत्री है।

### संभागायुक्त कावरे ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, 10 तक होगी परीक्षा



**बिलासपुर।** छग शासन, गृह विभाग रायपुर द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए विभागीय परीक्षा 3 मार्च से 10 मार्च तक आयोजित है। इस अवधि में संभाग के विभिन्न विभागों के 110 अधिकारी शामिल हो रहे हैं। जिसमें प्रथम प्रश्न पत्र लेखा (बिना पुस्तकों के) केवल सहायक कलेक्टरों, डिप्टी कलेक्टरों, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों तथा राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए था। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए संभागायुक्त महादेव कावरे ने 6 मार्च को शासकीय अधिकारियों के लिए आयोजित विभागीय परीक्षा और कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा का केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय परीक्षा के लिए संचालित परीक्षा केंद्र शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 12वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र राजेन्द्र नगर स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने इन केन्द्रों में की गई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। विभागीय परीक्षा में राजस्व विभाग और आबकारी विभाग मिलाकर आज 9 परीक्षार्थी शामिल हुए। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बनाए गए परीक्षा केन्द्र राजेन्द्र नगर में 112 परीक्षार्थी शामिल हुए। निरीक्षण के दौरान डॉ. स्मृति तिवारी उपायुक्त (राजस्व) संभागायुक्त कार्यालय, बिलासपुर, श्री एस. एस. कंवर, डिप्टी कलेक्टर, केन्द्राध्यक्ष सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

**बोर्ड परीक्षा में नहीं मिला एक भी नकलची:** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी वार्षिक परीक्षा 2025 में 6 मार्च को परीक्षा केन्द्र शाउमावि राजेन्द्र नगर का संभागायुक्त महादेव कावरे, संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग आर. पी. आदित्य एवं सहायक संचालक शिक्षा विभाग प्रशांत राय ने आकस्मिक निरीक्षण किया। आज आयोजित परीक्षा में इतिहास एवं बिजनेस स्टडीज विषय की परीक्षा हुई। जिसमें इतिहास विषय में कुल 49 एवं बिजनेस स्टडीज में कुल 73 परीक्षार्थी सम्मिलित थे। परीक्षा शांतिपूर्वक रहा। इस दौरान परीक्षा केन्द्र में नकल का एक भी प्रकरण नहीं बना है।

---

**आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा कार्यालय** | **लगभग 9 करोड़ की राशि बजट में स्वीकृत**

# कोनी में बनेगा तहसील कार्यालय का नया भवन, सड़क जाम से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के बीच नेहरू चौक स्थित तहसील कार्यालय को कोनी ले जाया जाएगा। कोनी में निर्माणाधीन कमिश्नर कार्यालय के समीप विशाल तहसील कार्यालय का नया भवन बनाया जाएगा। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से तीन मंजिला भवन बनाया जाएगा।

कलेक्टर अवनीश शरण के प्रयास से चालू वित्तीय वर्ष के बजट में इसका समावेश कर लिया गया है। कलेक्टर ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को इसकी जरूरत का औचित्य बताते हुए स्वीकृति के लिए अनुरोध किया था। इससे भीड़-भाड़ एवं सड़क जाम की स्थिति से लोगों को राहत मिलेगी। पार्किंग सहित आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तमाम सुविधाएं कार्यालय भवन में मुहैया होगी। तहसील कार्यालय के काफी पुराने और स्थानाभाव के कारण कार्यालय संचालन में काफी दिक्कतें हो रही थीं। गौरतलब है कि वर्तमान तहसील कार्यालय शहर के बीचों-बीच नेहरू चौक पर स्थित है। तहसील के साथ एसडीएम कार्यालय भी इसी भवन से संचालित होता है। शहर का यह व्यस्ततम चौक है। बड़ी संख्या में लोगों की यहां आवाजाही लगी रहती है। बढ़ते ट्रैफिक के कारण दुर्घटना की आशंका भी सदैव बनी रहती है। कार्यालय भवन काफी पुराना हो चुका है तथा वर्तमान जरूरत के अनुरूप पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध नहीं हैं। काफी पहले यह कार्यालय शहर के बाहर जरूर था, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण यह अब शहर का केन्द्र बिन्दु बन गया है।

### नया भवन भू-तल के साथ दो मंजिलें होंगी



नया भवन कोनी में निर्माणाधीन कमिश्नर कार्यालय के नजदीक खुले स्थान पर बनेगा। भवन में बेसमेन्ट, भू-तल के साथ दो मंजिलें होंगी। प्रत्येक तल लगभग साढ़े 12 सौ वर्गमीटर क्षेत्रफल का होगा। बेसमेन्ट में पार्किंग एवं लिफ्ट की सुविधा रहेगी। भू-तल में भी पार्किंग, केन्टिन, फोटोकॉपी, महिला एवं पुरुष शौचालय एवं लिफ्ट की सुविधा मिलेगी।

### पुराने तहसील कार्यालय में दस्तावेज असुरक्षित

पुराने तहसील कार्यालय में तहसील की सभी शाखाओं के लिए अलग-अलग कमरे नहीं होने के कारण एक-एक में कई शाखाएं संचालित हो रही हैं। नए भवन में सभी शाखाओं के लिए पर्याप्त जगह होने से आम लोगों को भी काफी सुविधाएं होंगी। पेयजल एवं प्रसाधान की भी पर्याप्त सुविधा नहीं है। रिकार्ड रूम की हालत भी ठीक नहीं होने के कारण दस्तावेज असुरक्षित हालत में होते हैं। बरसात में कोर्ट रूम में पानी का रिसाव होने लगता है। जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। बार-बार रिपेयरिंग कराने के बावजूद भी हालात में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहे हैं। दस्तावेज अव्यवस्थित होने से पक्षकारों को अभिलेख उपलब्ध कराने में असुविधा होती है। बैठक कक्ष पुराने तहसील कार्यालय में नहीं हैं। आम जन के लिए बैठने की व्यवस्था का भी अभाव है। पार्किंग की सुविधा नहीं है। इसके अलावा पीठासीन की संख्या के अनुरूप पर्याप्त संख्या में कोर्ट रूम भी नहीं है और जो हैं, वे भी जर्जर हालात में हैं। जिला प्रशासन ने पुराने तहसील कार्यालय में जारी वर्तमान अव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इसे भीड़भाड़ से थोड़ा बाहर निकालते हुए व्यवस्थित करने का निर्णण लिया है।

### तहसीलदारों के लिए 6 कोर्ट रूम बनेंगे

जानकारी के अनुसार प्रथम तल पर तहसीलदारों के लिए छह कोर्ट रूम, स्टेनो, कानूनगो, रिटर्निंग रूम, अर्जीनवीस, वर्किंग एरिया, वेन्डिंग एरिया, लॉबी, शौचालय एवं निःशक्तजनों के लिए अलग से शौचालय रहेगी। दूसरे तल में एसडीएम कोर्ट रूम, स्टेनो, वीसी रूम, रिटर्निंग रूम, प्रोजेक्टर कम्प्यूटर, वर्किंग एरिया, भुईयां रूम, नाजिर, रिकार्ड रूम, डेटा सेन्टर, किचन, लॉबी, पुरुष, महिला एवं नि-शक्तजनों के लिए शौचालय की सुविधा रहेगी।

---

# चीफ जस्टिस सिन्हा ने किया दस्तावेजों के डिजिटाईजेशन सेंटर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छग उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा 6 मार्च को छत्तीसगढ राज्य में जिला न्यायपालिका में पेपरलेस कोर्ट की अवधारणा को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण व ठोस कदम उठाते हुए जिला न्यायालय बिलासपुर में दस्तावेजों को डिजिटाईज़ करने के लिए डिजिटाईजेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस सेंटर का शुभारंभ श्री सिन्हा वर्चुअल उपस्थिति के माध्यम से फीता काटकर किया। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा आज हम जिला एवं सत्र न्यायालय बिलासपुर में डिजिटलीकरण केंद्र के वर्चुअल उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित हैं, जो इस परियोजना के लिए राज्य में पहला जिला न्यायालय है।

- पेपरलेस कोर्ट की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

जिला न्यायपालिका के अभिलेखों के डिजिटलीकरण की परियोजना बहुप्रतीक्षित थी और इस परियोजना का उद्घाटन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा परिकल्पित पेपरलेस न्यायालयों की दिशा में एक बढ़ता कदम है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें तकनीकी का फायदा उठाते हुए इसका उपयोग न्यायपालिका के बेहतरी के लिए, पारदर्शिता के लिए व शीघ्र परिणाम देने के लिए करना होगा। श्री सिन्हा हमेशा से न्यायपालिका के कार्यकलापों में आधुनिक तकनीकी के उपयोग के पक्षधर रहे हैं और उनके द्वारा आधुनिक तकनीकी व डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुए समय-समय पर पूरे राज्य के समस्त जिला न्यायालयों का तथा राष्ट्रीय लोक अदालतों का निरीक्षण किया जाता रहा है। पहल व प्रयासों से आज छत्तीसगढ न्यायपालिका वर्चुअल सुनवाई व तकनीकी संसाधनों का उपयोग कर लोगों को शीघ्र सुलभ व सस्ता न्याय देने के संबंध में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शुमार है।



### इनकी रही उपस्थिति

डिजिटाईजेशन सेंटर का शुभारंभ कार्यक्रम में जस्टिस रजनी दुबे, जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास, जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय, जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस बी.डी. गुरू की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बिलासपुर के स्वागत उद्बोधन से किया गया।

# सतकली अध्यक्ष व स्मृति जिला पंचायत उपाध्यक्ष कांग्रेस प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव मैदान में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी। कांग्रेस द्वारा नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सतकली बावरे को अध्यक्ष पद के लिए एवं श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को उपाध्यक्ष पद के लिए समर्थित प्रत्याशी घोषित किया गया है।

- 8 मार्च को होगा अध्यक्ष उपाध्यक्ष का चुनाव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पर्यवेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर इन दोनों को पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दो दिन पूर्व ही पर्यवेक्षक के रूप में रायपुर के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे यहां बिलासपुर रायशुमारी करने आए थे। उन्होंने यहां जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित नवनिर्वाचित जो सदस्य चुनाव जीतकर आए हैं, उनसे वन टू वन चर्चा की थी। इसके अलावा कांग्रेस नेताओं से भी जिला पंचायत में कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने के संबंध में रायशुमारी की थी। पर्यवेक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती सतकली बावरे एवं उपाध्यक्ष पद के लिए चौथी बार चुनाव जीतकर आई श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को समर्थित प्रत्याशी अधिकृत किया गया है।

### चुनाव को लेकर गरमाने लगी राजनीति

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव 8 मार्च को होना है। नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों में से ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चुना जाएगा। वैसे तो जिला पंचायत का चुनाव राजनीतिक दलों के सिंबाल पर नहीं लड़ा जाता, किन्तु राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित प्रत्याशी चुनाव में उतारे जाते हैं, इसलिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर राजनीति गरमाने लगी है, क्योंकि कांग्रेस भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के लिए अपने उम्मीदवार खड़े करने जा रही है।

### भाजपा ने घोषित नहीं किया अधिकृत प्रत्याशी

कांग्रेस ने जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया है। लेकिन भाजपा ने अभी तक जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष दोनों पदों के प्रत्याशी अधिकृत नहीं किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष का पद इस बार एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा में एससी वर्ग से राजेश सूर्यवंशी या अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। इन्हीं दोनों दावेदारों में से किसी एक का नाम भाजपा फाइनल कर सकती है।

---

## श्री शिशु भवन में थैलेसीमिया और सिकल सेल पीड़ित बच्चों के लिए कृष्णा विंग का शुभारंभ

**बिलासपुर।** शहर के मध्य नगरी स्थित बच्चों के सर्व सुविधायुक्त अस्पताल श्री शिशु भवन में थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए सर्व सुविधा युक्त वातानुकूलित वार्ड कृष्णा विंग का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में विशेष संगोष्ठी एवं निशुल्क जांच शिविर का भी आयोजन किया गया ।

श्री शिशु भवन एवं बालको मेडिकल सेंटर रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को इस बीमारी के लक्षण, बचाव और इलाज की संपूर्ण जानकारी विस्तार से दी गई। आयोजन के पहले सत्र में श्री शिशु भवन के संचालक डॉक्टर श्रीकांत गिरी एवं बालको मेडिकल सेंटर रायपुर की डॉक्टर सृष्टि श्रीवास्तव ने बारीकी से एक-एक बिंदु पर जानकारी देते हुए अभिभावकों को बताया कि विवाह से पहले ही सभी की जांच आवश्यक है और अगर यह संभव ना भी हो तो भी गर्भ धारण करने के दौरान भी माता-पिता और गर्भस्थ शिशु की जांच जरूरी है ताकि थैलेसीमिया पीड़ित शिशु के जन्म को रोका जा सके।

डॉक्टर श्रीकांत गिरी ने कहा कि इस जांच के अलावा समय पर टीकाकरण और बच्चों में असामान्य लक्षण जैसे सर्दी, खांसी आदि नजर आने पर भी तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह लेने की आवश्यकता है। इस संगोष्ठी में बड़ी संख्या में वे अभिभावक सम्मिलित हुए जिनके बच्चे सिकलिंग या थैलेसीमिया से पीड़ित है।इस अवसर पर अस्पताल में नए थैलेसीमिया एवं सिकल सेल वार्ड का शुभारंभ थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों ने ही रिबन काट कर किया। डॉ श्रीकांत गिरी ने बताया कि इस पूर्ण वातानुकूलित वार्ड में बच्चे और उनके अभिभावक आरामदायक सुविधाओं के बीच रक्त चढ़ा सकेंगे। स्मार्ट कार्ड से अस्पताल में इसकी निशुल्क चिकित्सा की जा रही है। अभिभावकों की जिम्मेदारी बस इतनी है कि वे बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे।




हेल्थ प्लस

उन्होंने यह भी बताया कि जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सिकल सेल और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। श्री शिशु भवन में सिकल सेल और थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की भी जानकारी दी। कार्यक्रम का संयोजन जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी बिलासपुर के संचालक संजय मतलानी द्वारा किया गया।

## आरोग्य भारती का आध्यात्मिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आज

**बिलासपुर।** आरोग्य भारती की जिला इकाई द्वारा संजीवनी हास्पीटल आडिटोरिम में 7 मार्च को राष्ट्रीय संगठन सचिव डा. अशोक की उपस्थिति में आध्यात्मिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसके मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रत्न तिवारी, अतिथि वक्ता स्वामी सेवाव्रतानंद एवं इस्कान से जुगल किशोर तथा विशिष्ट अतिथि डा. विनोद तिवारी, डा. आरती पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, डा. जेएल श्रीवास्तव, अशोक यादव, डा. प्रमोद तिवारी, प्रतिभा पाण्डेय मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष गौतम साहू ने बताया कि यह कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

## महालक्ष्मी पैलेस में वेडिंग प्लानर



**बिलासपुर।** बहतराई चौक प्रथम हास्पिटल के सामने स्थित महालक्ष्मी पैलेस के संचालक संतोष साहू ने बताया कि भवन को कार्यक्रम के लिए इवेन्ट्स एवं वेडिंग प्लानर के द्वारा आकर्षक ढंग से सुसज्जित किया जाता है। हमारे यहां एसी हाल, नान एसी कमरे एवं लॉन की सुविधा उपलब्ध है। नियमित साफ-सफाई भव्य डेकोरेशन के साथ अतिथियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां शादी, पार्टी, सगाई, जन्मदिन पार्टी, किटी पार्टी, मीटिंग , कॉन्फ्रेंस आदि सभी प्रकार के कार्यक्रमों के लिए हाल उपलब्ध है। कार्यक्रमों के लिए कैटरिंग काआर्डर लिया जाता है। यहां वेज और नानवेज सभी प्रकार के व्यंजन कुशल कारीगर द्वारा बनाए जाते हैं। उचित रेट पर कैटरिंग व टेंट की व्यवस्था उपलब्ध है।

बिजनेस प्लस

# एवीएम न्यू सैनिक स्कूल के कैडेट्स पहुंचे सीवीआरयू

**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने सीवी रमन विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। जिसमें उन्होंने विज्ञान, तकनीक, खेल, मीडिया और संस्कृति से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पुस्तकीय ज्ञान से परे व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था, जिससे वे आधुनिक तकनीकों, अनुसंधान कार्यों और सामाजिक सरोकारों को करीब से समझ सकें।

इस यात्रा में शिक्षक उदय शर्मा, रजनी सिंह और प्रिया गोरख ने कैडेट्स का मार्गदर्शन कर विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान कैडेट्स ने सबसे पहले ग्रामीण प्रौद्योगिकी केंद्र का दौरा किया, जहाँ उन्होंने हर्बल गुलाल बनाने की प्रक्रिया को देखा और पर्यावरण के अनुकूल इस उत्पाद के महत्व को समझा। इसके बाद कैडेट्स एनसीसी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें राष्ट्रीय कैडेट कोर के अनुशासन,



नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारियों की जानकारी मिली। कैडेट्स ने वनस्पति एवं औषधीय उद्यान का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने विभिन्न औषधीय पौधों और उनके उपयोगों के बारे में सीखा। उन्होंने खेल प्रांगण में विवि की खेल सुविधाओं को देखा और शारीरिक फिटनेस एवं खेलों के महत्व को समझा। रेडियो रमन 90.4 एफएम के स्टूडियों में भी जाने का अवसर मिला। जहां उन्होंने रेडियो प्रसारण की प्रक्रिया और इसके सामाजिक जागरूकता में योगदान को जाना। जगदीश चंद्र बोस अनुसंधान केंद्र में उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक परियोजनाओं और शोध कार्यों को देखा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र में कैडेट्स ने अत्याधुनिक उपकरणों के साथ प्रयोग किए और विज्ञान के व्यावहारिक अनुप्रयोगों को समझा। ललित कला केंद्र में उन्होंने कलात्मक अभिव्यक्तियों के बारे में जाना। वहीं, संजोही में उन्होंने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोककला और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के प्रयासों को देखा।

### छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

इस अवसर पर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह यात्रा छात्रों के लिए सीखने और खोज करने का एक शानदार अवसर रही। निदेशक एस.के. जनस्वामी ने कहा कि अनुभव आधारित शिक्षा छात्रों को किताबों के ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक समझ विकसित करने में मदद करती है। प्रधानाचार्या जी.आर. मधुलिका ने कहा कि एक व्यापक शिक्षा में न केवल पाठ्यक्रम आधारित अध्ययन बल्कि क्षेत्रीय अनुभव भी शामिल होने चाहिए। इस अवसर पर शिक्षकों ने कुलपति का धन्यवाद दिया। साथ ही डॉ अनुपम तिवारी का भी आभार व्यक्त।



## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों ने जीता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मैडल



**पथरिया।** समग्र शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए राज्य स्तरीय क्रीड़ा,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन स्व बीआर यादव इंडोर स्टेडियम, बहतराई बिलासपुर में 5 व 6 मार्च को किया गया। उक्त प्रतियोगिता में समग्र शिक्षा मुंगेली से दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया जिसमें पथरिया विकासखंड के छबिलाल प्राथमिक शाला मुंडा देवरी, अभय पटेल इग्नाइट पथरिया, प्रीति पटेल इग्नाइट पथरिया, चंदन मोहले पूर्व माध्यमिक शाला पूछेली, लक्ष्मीन रजक हाईस्कूल बावली, भूमिका पटेल पूमा शाला बावली ने सभी विधाओं में अपनी सहभागिता दी। इसके लिए उन्हें सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल पथरिया के 11वीं के छात्र चंद्रभान साहू कक्षा ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### प्रशासन की तत्परता से रूका नाबालिग बालिका का विवाह



**लोरमी।** विकासखण्ड के ग्राम साल्हेघोरी में एक नाबालिग बालिका का विवाह रूकवाया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जिला स्तरीय टीम का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि लोरमी अंतर्गत नाबालिग बालिका के विवाह की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताते हुए रस्म शुरू होने से पहले ही विवाह को स्थगित कराया। बालिका के परिजन गरीब, अशिक्षित थे एवं मजदूरी करने दूसरे राज्य जाने वाले थे। इसलिए वे नाबालिग का विवाह करा रहे थे। बालिका ने विवाह से इंकार करते हुए बताया कि वह कक्षा 10वीं तक पढ़ी है और आगे पढ़ना चाहती है। बालिका को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान बाल कल्याण समिति की सदस्य लक्ष्मी साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला और चाईल्ड हेल्पलाइन समन्वयक उमाशंकर कश्यप द्वारा बालिका को श्रीफल, पेन और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बालिका के माता-पिता को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब है कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराए जाने पर 2 वर्ष की सजा के साथ 1 लाख रूपए के जुर्माने का प्रावधान है। बाल विवाह रोकने एवं संरक्षण वाले बच्चों की मदद के लिए चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर 1098 पर कॉल कर सकते हैं।

## सरस्वती चुनी गईं अध्यक्ष, नितेश को बनाया गया उपाध्यक्ष

# निर्विरोध चुने गए मस्तूरी जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी

गुरूवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए चुनाव होना था लेकिन उपस्थित सभी 25 नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों ने आपसी सहमति से जनपद सदस्य सरस्वती बाई सोनवानी को निर्विरोध अध्यक्ष एवं नितेश सिंह ठाकुर को निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुन लिया।

पंचायती राज स्थापना के बाद से मस्तूरी जनपद पंचायत का चुनाव हमेशा सुर्खियों में रहा। यहां हमेशा से अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर भारी कश्मकश की स्थिति बनती रही है। लेकिन इस बार स्थिति ठीक विपरीत देखने के मिली। पीठासीन अधिकारी प्रवेश पैकरा एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जेआर भगत ने जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्वक पूर्ण कराई। जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कराने के उपरांत अधिकारिक तौर पर नाम की घोषणा करते हुए पीठासीन अधिकारी प्रवेश पैकरा एवं सहायक पीठासीन अधिकारी जेआर भगत ने सभी नवनिर्वाचित जनपद पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को जीत की शुभकामनाएं दी। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को सरल, निर्विरोध एवं शांतिपूर्ण से संपन्न कराने में सहयोग करने के लिए आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि यह जीत नहीं आपसी सामंजस्य का परिचय है। अब हम अपने सभी जनपद सदस्य साथियों के साथ मिलकर सम्बंधित अधिकारियों के सहयोग से जनपद पंचायत क्षेत्र में विकास करेंगे।



विजयी प्रत्याशियों के साथ समर्थक।

### आतिशबाजी के साथ किया गया स्वागत

जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के निर्विरोध चुनाव के बाद जनपद पंचायत सभा कक्ष के बाहर शुभचिंतकों ने आतिशबाजी शुरू कर दी। जैसे ही नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष सरस्वती बाई सोनवानी एवं उपाध्यक्ष नितेश सिंह ठाकुर सभाकक्ष से बाहर निकले शुभचिंतकों ने नितेश सिंह ठाकुर को अपने कंधों पर उठकर बस स्टैंड स्थित उनके कार्यालय तक ले गए।

## जरौंधा में पंच-सरपंचों ने ली शपथ



**तखतपुर।** ग्राम पंचायत जरौंधा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। अधिकारी के रूप में सचिव सुलक्षणा बंजारे ने नवनिर्वाचित सरपंच नंदराम मरावी सहित ग्राम के 20 पंचों को शपथ दिलाई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मण्डल अध्यक्ष नैनलाल साहू, चंद्रशेखर पाण्डेय, पुनऊराम साहू, विश्वनाथ यादव, विनय साहू, पूर्व सरपंच ईश्वर साहू, फेकूलाल ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन परमानंद रजक ने किया। पंचगण सहेतरीन बाई ध्रुव , किशोर सूर्यवंशी, विक्रम चौहान, युवरानी साहू, नीरा बाई रजक, हरिशंकर रजक, नंद कुमार साहू, गायत्री मनोज साहू, मिलती जांगड़े, सुरेश साहू, रुखमणी बाई कैवर्त, ईश्वरी साहू, मंजू राकेश रजक, जमुना बाई घृतलहरे, कमलेश्वर प्रसाद जांगड़े, बिमला बाई बांदले, कुमंज डाहिरे, नरेंद्र बंजारे, जमुना बंजारे, शंकर यादव ने शपथ ली।

## 2 कांग्रेस, एक में बीजेपी के अध्यक्ष







**पेंड्रा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंच, सरपंच, जनपद सदस्यों के चुनाव के बाद गुरूवार को जनपद अध्यक्षों का चुनाव हुआ, जिसमें कांग्रेस समर्थित हेमकुंवर अजीत श्याम निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। हेम कुंवर पूर्व में बिलासपुर जिला पंचायत की उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। गौरेला जनपद पंचायत के अध्यक्ष पद पर मुकाबला टाई हो गया, जिसके बाद लॉटरी से जनपद अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। लॉटरी में बीजेपी समर्थित शिवनाथ बघेल जनपद अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं उपाध्यक्ष पद पर बीजेपी समर्थित गायत्री राठौर निर्वाचित हुईं। वहीं मरवाही जनपद पंचायत अध्यक्ष के रूप में कांग्रेस समर्थित जानकी खुसरो को चुना गया। जनपद पंचायत मरवाही में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। अध्यक्ष के लिए जानकी खुसरो एवं किसमिश भानु के बीच में मुकाबला था, जिसमें जानकी खुसरो ने 11-9 के अंतर से जीत हासिल की। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर अरविंद जायसवाल एवं सिमपी दिलीप साहू के बीच मुकाबला था, जिसमें अरविंद जायसवाल ने 12-7 के अंतर से विजय हासिल की। एक मत रिजेक्ट घोषित किया गया।

## सीएम साय से मिले अध्यक्ष, उपाध्यक्ष



**तखतपुर।** जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होकर इतिहास दर्ज करने वाले दोनों जनप्रतिनिधियों ने विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की। दो दिन पहले जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन हुआ था जिसमें भरनी क्षेत्र जनपद सदस्य जीतकर आई माधवी संतोष वस्त्रकार को निर्विरोध अध्यक्ष एवं सागर क्षेत्र से जनपद सदस्य राकेश तिवारी को निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के विकास से प्रभावित होकर पूरे क्षेत्र में भाजपा का परचम फहराया है। जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना यह बताता है कि पूरे प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। आज प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डां रमन सिंह से विधायक धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. माधवी संतोष वस्त्रकार, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, संतोष कौशिक, सौरभ पांडेय, संतोष वस्त्रकार, राकेश छाबड़ा, सेवा सहकारी समिति सकरी अध्यक्ष मनीष तिवारी उपस्थित रहे।




## गौरेला जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गौरेला

गौरेला जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर भाजपा अपना कब्जा जमाया है।

निर्वाचन अधिकारी एसडीएम अमित बेग के द्वारा जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए गुरूवार को चुनाव कराया गया। अध्यक्ष हेतु कांग्रेस से जनपद सदस्य क्षत्रपाल और भाजपा जनपद सदस्य शिवनाथ बघेल के बीच मुकाबला हुआ जिसमें दोनों को बराबर 8-8 वोट मिले। इस तरह दोनों को बराबर वोट मिलने से चुनाव ड्रा हो गया। वहीं बाद में लाटरी के माध्यम से भाजपा समर्थित उम्मीदवार शिवनाथ बघेल ने विजय प्राप्त की। उपाध्यक्ष हेतु भाजपा समर्थित उम्मीदवार जनपद सदस्य गायत्री राठौर ने 9 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की। जनपद पंचायत गौरेला में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर भाजपा ने अपना कब्जा जमा लिया है। जनपद पंचायत गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन सम्मेलन संबंधित जनपद पंचायतों के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। सम्मेलन में जनपद पंचायत गौरेला से शिवनाथ बघेल अध्यक्ष एवं गायत्री राठौर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। जनपद पंचायत पेण्ड्रा से अजित हेमकुंवर श्याम अध्यक्ष एवं निशांत राजाशेखर तिवारी को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं जनपद पंचायत मरवाही से जानकी कुसरो को अध्यक्ष एवं अरविंद जायसवाल उपाध्यक्ष बने। निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए जनपद पंचायत गौरेला के पीठासीन अधिकारी अमित बेक, जनपद पंचायत पेण्ड्रा के पीठासीन अधिकारी दिलेराम डाहिरे और जनपद पंचायत मरवाही के पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार रजक ने निर्वाचित जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

- भाजपा-कांग्रेस को मिले बराबर वोट, टॉस के बाद आया फैसला

## अटल ने पेंड्रा बायपास निर्माण एवं कोटा-रतनपुर में स्टेडियम निर्माण की मांग की



**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा सत्र के दौरान पेंड्रा बाइयपास निर्माण एवं कोटा रतनपुर नगर में स्टेडियम निर्माण करने की मांग की। पेंड्रा बायपास का निर्माण नहीं होने से लोगों को होने वाले जान माल की हानि और सड़क जाम की समस्या से अवगत करवाते हुए पेंड्रा बायपास निर्माण का मांग किया। कोटा और रतनपुर में स्टेडियम निर्माण होने से खिलाड़ी छात्रों और नगर के लोगों को सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यों हेतु सुविधा प्राप्त होगा।







हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शुक्रवार 7 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



# होलाष्टक आज से: 13 मार्च तक शुभ कार्य नहीं होंगे

रंगों का पर्व होली अब एकदम निकट है। इससे पहले शुक्रवार 7 मार्च से होलाष्टक लग रहा है। इस दौरान कोई भी शुभ कार्य विवाह, सगाई, मुंडन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान निषेध रहेगा। 13 मार्च गुरुवार को होलाष्टक की समाप्ति होगी।



**बिलासपुर**। होलाष्टक होली त्योहार से आठ दिन पहले शुरू होता है। तंत्रवेत्ता आचार्य पं. गिरधर शर्मा ने बताया कि होलाष्टक के दौरान आशीर्वाद भी व्यर्थ हो जाता है। सभी आठ ग्रह अशुभ हो जाते हैं। ग्रहों की स्थिति शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं होती है। यदि किसी भी तरह के शुभ कार्य किए जाते हैं, तो उनमें बाधाएं आती हैं। वहीं इस दिन जप, हवन, पूजा कर सकते हैं। महामृत्युंजय का जप करने से भी लाभ मिलता है। यह अवधि फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तक होती है। इस साल होलिका दहन 13 मार्च की रात को है। इसके अगले दिन 14 मार्च को रंगों वाली होली खेली जाएगी।

इसके अनुसार होलाष्टक की शुरुआत 7 मार्च शुक्रवार से हो रही है।



### क्यों मनाते हैं होलाष्टक

आचार्य पं. शर्मा ने बताया कि होलाष्टक के दिन से ही हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र प्रहलाद जो भगवान भक्त थे, को ज्यादा कष्ट देना शुरू किया था। 8 दिन के बाद उसकी बुआ होलिका आकर अपने भाई हिरण्यकश्यप को परेशान नहीं होने की बात कहते हुए कहा कि वह प्रहलाद को लेकर होलिका में बैठ जाएगी तो वह जल जाएगा पर होलिका अपनी राक्षसी बुद्धि के चलते यह भूल गई कि भगवान के किसी भक्त को नहीं जलाना है और प्रहलाद को लेकर होलिका में बैठ गई। जिससे भक्त प्रहलाद तो बच गया और होलिका जल गई। इसी दिन से हर साल होली जलाई जाती है। इस दिन तंत्र मंत्र का साधना करने वाले साधना भी करते हैं।

## बैसवारी फाग में ब्राह्मण समाज के सदस्य खूब थिरके



बसंत पंचमी से शुरू हुआ फाग, शीतलाष्टमी तक चलेगा



विगत सौ वर्षो से भी अधिक समय से आयोजन करते आ रहे, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के सदस्य इस बार भी वसंत पंचमी से फाग हर दिन समाज के घरों में जाकर किया जा रहा है। गुरूवार को राजेन्द्रनगर स्थित संजीव तिवारी के निवास पहुंचकर यहां बैसवारी फाग उत्सव का आयोजन किया गया। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के इस आयोजन में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी शामिल होती हैं। बैसवारी गीत में उनकी भी सहभागिता होती है,पूर्वजों की परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

गायन में समाज के सदस्यों ने जमकर इसका आनंद लिया, होली के गीतों में लोग जमकर ठिरके। इस अवसर पर कान्य कुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित, प्रभात मिश्रा, रामप्रताप शुक्ला, स्वपनिल शुक्ला,आशीष बाजपेयी, आशीष शुक्ला, अनिल दीक्षित, गुड्डा पांडेय, राजेश पांडे, मनोज शुक्ला, रोहित बाजपेयी सहित समाज के सदस्य मौजूद थे।

### समाज के हर घरों में शीतलाष्टमी तक चलेगा आयोजन

अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने बताया कि पिछले 3-4 पीढ़ियों से फागुन माह लगते ही वसंत पंचमी तिथि से शहर में बैसवारी फाग समाज के सभी घरों में प्रारंभ हो जाती है, जो शीतलाअष्टमी के दिन समापन किया जाता है। बैसवारी गीत पूर्वजों की देन है इस माह में फाग गीत के रूप में सभी के घरों में गाना-बजाना करते हैं। इससे घरों में सुख की प्राप्ति होती है,संकट दूर होता है। मन को शांति मिलती है। इसलिए यह परंपरा चली आ रही है।

कार्यक्रम

## राष्ट्रपति मुर्मू ने किया विजिटर्स कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ, कुलपति हुए शामिल



**बिलासपुर**। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार चक्रवाल 3 मार्च को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विजिटर्स कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। भारत की राष्ट्रपति एवं गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की विजिटर द्रौपदी मुर्मू के भाषण से दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन हुआ। राष्ट्रपति 184 केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर हैं। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि किसी भी देश के विकास का स्तर उसकी शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता से झलकता है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से कहा कि भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य हासिल करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ शोध पर भी बहुत ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि श्रेष्ठ उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की गई है। हालांकि हमारे सभी संस्थानों को बहुत तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। हमारी विशाल युवा आबादी की अपार प्रतिभा को विकसित और उपयोग में लाकर उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों के नेतृत्व को मान्यता दी जाएगी। उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रपति ने नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास श्रेणियों में आठवें विजिटर्स पुरस्कार प्रदान किए। सीयू के कुलपति प्रो चक्रवाल ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को विजिटर्स कॉन्फ्रेंस में आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में अकादमिक उत्कृष्टता के लिए शोध, अनुसंधान, नवाचार एवं पेटेंट के क्षेत्र में निरंतर सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। इन निरंतर किए गए प्रयासों का परिणाम है कि गुरु घासीदास विवि को नैक द्वारा ए++ ग्रेड प्रदान किया गया है।

जॉब अपडेट

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में इलेक्ट्रीशियन समेत दर्जनों पदों पर निकली भर्ती



**बिलासपुर**। रेलवे में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (**SECR**) बिलासपुर मंडल में अप्रेंटिसशिप के बंपर पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो निर्धारित अंतिम तिथि 25 मार्च 2025 तक जारी रहेगी। ऐसे में जो भी उम्मीदवार इस भर्ती में शामिल होना चाहते हैं, वे ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट **scr.indianrailways.gov.in** पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती के तहत आवेदकों का चयन कारपेंटर, ड्रॉफ्ट्समैन, इलेक्ट्रीशियन, फीटर, मशीनिस्ट, पेंटर, प्लंबर, मैकेनिक, वर्कर, स्टेनोग्राफर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर और वायरमैन जैसे विभिन्न ट्रेड के लिए किया जाएगा।

### अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए

उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ मैट्रिक/10वीं कक्षा (10+2 प्रणाली के अंतर्गत) पास होना चाहिए। साथ ही उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में आईटीआई का प्रमाणपत्र (राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद या राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा जारी) होना अनिवार्य है। इस भर्ती में आवेदन करने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 15 वर्ष और अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की आयुसीमा की गणना 25 मार्च 2025 के आधार पर की जाएगी। आरक्षित वर्ग को अधिकतम आयुसीमा में छूट रहेगी।

## नवीन कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बिलासपुर**। शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को रेडक्रॉस एवं शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रक्त समूह, हिमोग्लोबिन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर प्रभारी डॉ. समीर तिवारी, डॉ.अशर्फी लाल गुप्ता, डॉ. अजय सिंह, डॉ. सुचिता सिंह द्वारा छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टॉफ का परीक्षण किया। साथ ही स्वास्थ्य सलाह देते हुए निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। शिविर में इंटर्नस आरती साहू, दिव्या, ऋषिकेश, अविनाश, सहयोगी स्टॉफ राजकपूर जांगड़े, अजय रूपेश साहू, राकेश दुबे ने अपना सहयोग दिया। शिविर के दौरान 167 अधिकारी, कर्मचारी, छात्राओं एवं अभिभावकों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. के. भण्डारी के मार्गदर्शन में शिविर समापन हुआ। इस दौरान प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य ही जीवन है पर प्रकाश डाला। शासकीय मदनलाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीपत के प्राचार्य डॉ. आर.एस. खेर ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। रेडक्रॉस प्रभारी डॉ. अर्चना शुक्ला ने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण प्रो, शोभा महिस्वर, डॉ. शशिकला सिन्हा, डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ. इसाबेला लकड़ा, डॉ. डी. के शुक्ला, डॉ. राजकुमार पटेल, डॉ. अनुपा तिर्की, डॉ. ललिता साहू, डॉ. यतिनदिनी पटेल, डॉ. एस. के. पटेल, डॉ. दीपिका महोबिया, रामायण, दिलीप इन्दुवा एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की जाँच के लिए एसईसीएल ने लगाए शिविर

**बिलासपुर**। एसईसीएल द्वारा अपनी सीएसआर पहल एसईसीएल की धड़कन के तहत मस्तूरी एवं कोटा में श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल के सहयोग से बच्चों की निशुल्क हृदय जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। दोनों शिविरों में कुल 75 बच्चों की निशुल्क हृदय की जांच की गई। 3 मार्च को मस्तूरी में आयोजित शिविर में 41 बच्चों की जन्मजात हृदय रोग की निशुल्क जांच की गई। जांच के दौरान इनमें से 13 बच्चे जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाए गए। वहीं कोटा में आयोजित शिविर में 34 बच्चों की हृदय की जांच की गई जिसमें 17 बच्चे जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित पाए गए।

चिन्हित बच्चों को एसईसीएल द्वारा श्री सत्य साईं संजीवनी अस्पताल रायपुर में निशुल्क इलाज एवं चिकित्सकीय देखभाल मुहैया कराई जाएगी। कोल इंडिया के नन्हा सा दिल प्रोजेक्ट अंतर्गत एसईसीएल द्वारा एसईसीएल की धड़कन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है जिसके तहत कंपनी अपने संचालन क्षेत्रों के बच्चों की दिल के जन्मजात रोग की निशुल्क स्क्रीनिंग, इलाज एवं देखभाल प्रदान कर रहा है। वर्तमान में परियोजना के तहत एसईसीएल द्वारा 75 बच्चों की सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। कोयलांचल में इस पहल से हो रहे लाभ को देखते हुए एसईसीएल ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के कोयला क्षेत्रों में सीएचडी से पीड़ित 300 बच्चों के इलाज और सर्जरी के लिए 4.71 करोड़ की मंजूरी दी है। एसईसीएल की धड़कन' पूरी तरह से एसईसीएल सीएसआर कार्यक्रम के तहत वित्त पोषित है।

पीड़ित बच्चों को निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा देगा एसईसीएल



## नारी के सशक्त होने से होता है राष्ट्र का विकास



लायंस क्लब वसुंधरा ने किया महिलाओं का सम्मान

**बिलासपुर**। लायंस क्लब बिलासपुर वसुंधरा ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें विविध क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। अंत में सभी ने हाउजी सहित अन्य मनोरंजक गेम का आनंद उठाया।

कार्यक्रम के आरंभ में क्लब अध्यक्ष शोभा त्रिपाठी ने अपनी स्व-रचित कविता-नारी शक्ति को बढ़ाओ तो बात कहे.., सचिव अर्चना तिवारी ने कविता-नारी एक मां, दोस्त, बेटी, बहन है.., अतिथि मीनू दुबे ने कविता-दुनिया की पहचान हर घर की शान है, औरत है तो घर, परिवार है..., गायत्री कश्यप ने कविता-स्त्री यदि बहन है तो प्यार का दर्पण, मां है तो साक्षात परमात्मा है..पढ़ी। अतिथि पार्षद रेखा पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं के बिना घर में कोई काम नहीं होता है। आज हमारे देश में राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर महिलाएं सफलता पूर्वक काम कर रहीं हैं। अंबूज पाण्डेय ने कहा कि महिलाएं समाज की धुरी हैं। अपने आप में संपूर्ण है। उनके में इतनी क्षमता है कि वह पूरी व्यवस्था को परिवर्तित कर सकती है। इसके लिए हमें मर्यादित रहना होगा। सुधा परिहार ने महिला दिवस मनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नारी के सशक्त होने से राष्ट्र का विकास होता है। मंजू मिश्रा ने कहा कि स्त्री सृष्टि का निर्माण करती है। नारी के बिना पुरूष तो पुरूष के बिना नारी अधूरी है।

### ये रहीं मौजूद

कार्यक्रम में चंदा बंसल, विनीता हंसा, उषा मुदलियार, मंजू तिवारी, सलमा बेगम, सुनीता, साधना दुबे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

गठन

## सीए मिलि डे बनीं सिकासा की अध्यक्ष




**बिलासपुर**। ब्रांच ऑफ सिकासा ने आईसीएआई भवन व्यापार विहार में प्रभार हस्तांतरण समारोह का आयोजन किया, इसमें सीए मिलि डे सिकासा की अध्यक्ष बनीं। इस कार्यक्रम में बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, संस्था के अन्य सदस्य एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सिकासा के पूर्व अध्यक्ष सीए उदित सोनी ने अपनी टीम के सदस्यों को उनके समर्पित सेवा और कार्यकाल के दौरान उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। सिकासा उपाध्यक्ष कन्हैया सिदारा, सचिव पलक बजाज, कोषाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल, सह सचिव साक्षी कुलमित्रा, समिति के सदस्य खुशी महेरचंदानी, एकता पोपतनी, परिधि ठक्कर, आकांक्षा कनुरकर, सुब्रत कुमार, कुणाल टेकचंदानी बने हैं। इस दौरान सिकासा के पदाधिकारियों ने संस्था के मूल्यों को बनाए रखने और उसकी दृष्टि व उद्देश्यों को प्राप्त करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सीए मिली डे ने कहा हम बिलासपुर ब्रांच ऑफ सिकासा के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम पूर्व समिति के मार्गदर्शन और विरासत की सराहना करते हैं और नेतृत्व को पूर्ण निष्ठा और नवाचार के साथ आगे ले जाने के लिए तत्पर हैं। सीए हरप्रीत कौर होरा एवं सीए शास्वत गुप्ता को स्टूडेंट कन्वेनर बनाया गया ।

कार्नर न्यूज

### दिव्यांग बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का समापन

## बच्चे सक्सेस स्टोरी को सुनेंगे तो कुछ बड़ा करने की चाह पैदा होगी

स्वर्गीय बी आर यादव में चल रही दो दिवसीय राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में बिलासपुर और दंतेवाड़ा संयुक्त रूप से विजेता घोषित हुआ, कार्यक्रम के समापन अवसर पर अतिथि के तौर पर कलेक्टर अवनीश शरण, पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह , नगर निगम आयुक्त अमित कुमार और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल उपस्थित थे जिन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता समेत शामिल हुए समस्त बच्चों को पुरस्कार वितरित किया ।

**बिलासपुर**। बच्चों को संबोधित करते हुए कलेक्टर अवनीश शरण ने कहा कि इस कार्यक्रम को देखने और छात्रों से बात करने के बाद मुझे यह तो स्पष्ट हो गया है की बच्चों में एस्पिरेशन है अब यह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वह बच्चे को सही तरीके से गाइड करके आगे बढ़ाएं। क्योंकि बच्चा अपने जीवन में चाहे व्यापार में,जॉब में, कला के क्षेत्र में या फिर जिस भी क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहे उसके लिए बच्चों में तो एस्पिरेशन होना जरूरी है। अब आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी शिक्षक और उनके माता-पिता की है तो वह अपनी जिम्मेदारी में अच्छे तरीके से जुटे रहे। उन्होंने विशेष तौर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग खास तौर पर हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में कैरियर काउंसलिंग का सेशन आयोजित करें और अपने स्कूल में ऐसे लोगों को बुलाएं जो अपने-अपने फील्ड में सफल हो चुके हैं। ऐसे लोगों से जब आपके स्कूल के बच्चे संवाद करेंगे और उनकी सक्सेस स्टोरी की जर्नी को सुनेंगे तो निश्चित तौर पर कुछ बड़ा कर गुजरने की चाह उनमें भी पैदा होगी ।






### बिलासपुर और दंतेवाड़ा बने संयुक्त विजेता

कार्यक्रम में बिलासपुर और दंतेवाड़ा प्रतियोगिता के संयुक्त रूप से विजेता घोषित किए गए कार्यक्रम की अलग-अलग प्रतियोगिताओं में जिन खिलाड़ियों ने जीत हासिल की उन्हें अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता प्रारंभिक और माध्यमिक दो वर्गों में आयोजित की गई थी। मटकाफोड़ प्रतियोगिता जो की दृष्टि बाधित बच्चों के लिए रखी गई थी के प्रारंभिक बालक वर्ग में जीपीएम के सौरभ और बालिका वर्ग में दंतेवाड़ा की दीपिका प्रथम रही। वहीं माध्यमिक बालक वर्ग में कांकेर के यतिन और बालिका वर्ग में नारायणपुर की बिंदा प्रथम रही, लंबी कूद प्रतियोगिता के प्रारंभिक बालक वर्ग में दंतेवाड़ा के किशोर और बालिका वर्ग में बीजापुर की दिव्या प्रथम रही। वहीं माध्यमिक बालक वर्ग में दंतेवाड़ा के दीपचंद और बालिका वर्ग में दुर्ग की वंदना प्रथम रही, इसी प्रकार सॉफ्ट बॉल थ्रो प्रतियोगिता के प्रारंभिक बालक वर्ग में सुकमा के कैलाश और बालिका वर्ग में कवर्धा की उर्वशी प्रथम रही। वहीं माध्यमिक बालक वर्ग में कांकेर के चमन कावड़े और बालिका वर्ग में कवर्धा की कल्याणी प्रथम रही। इसी प्रकार कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के प्रारंभिक बालक वर्ग में दंतेवाड़ा के दिव्यांशु और बालिका वर्ग में दुर्ग की वीणा प्रथम रही वहीं माध्यमिक बालक वर्ग में रायपुर के नरोत्तम और बालिका वर्ग में बलरामपुर की संगीता प्रथम रही।


जनपद पंचायत मुंगेली के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह
जनपद पंचायत मुंगेली के नवनिर्वाचित
निर्विरोध अध्यक्ष
श्री रामकमल सिंह परिहार
उपाध्यक्ष
श्रीमती पुष्पलता पदमनी मोहले
एवं जनपद सदस्यों के
शपथ ग्रहण समारोह
में आप सभी सादर आमंत्रित हैं
दिनांक : 07 मार्च 2025
दिन : शुक्रवार
स्थान: जनपद पंचायत
सभाकक्ष मुंगेली
रामकमल सिंह परिहार
अध्यक्ष-जनपद पंचायत मुंगेली
श्रीमती पुष्पलता मोहले
उपाध्यक्ष-जनपद पंचायत मुंगेली
पदमनी मोहले
प्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष मुंगेली
नागेश्वर जायसवाल
राजेश कुमार अंचल
मंदाकिनी साहू
संगीता कमल लोचन टोण्डर
वेद मण्डल ध्रुव
जानकी बोगी बारमते
संकलन - जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

## खबर संक्षेप

### बालिका सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने हस्ताक्षर अभियान

**मुंगेली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार 5 व 6 मार्च को रामानुज प्रसाद देवांगन शास प्राथमिक स्कूल मुंगेली, शास प्राथमिक कन्या स्कूल रेहुंटा, शास हाईस्कूल बरेला, शास प्राथमिक स्कूल ठकुरीकापा और शास प्राथमिक स्कूल आवास बरेला में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी सीतामणी कच्छप, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सुश्री सुनीता दादवानी के द्वारा बच्चों को गुड टच, बैड टच, बच्चों की सुरक्षा, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं सखी वन स्टाप सेंटर के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी मौजूद रहे।

### निशक्त अधिकारी-कर्मचारी संघ को मिली मान्यता

**बोदरी।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से निशक्त शासकीय अधिकारी कर्मचारी संघ को मान्यता प्रदान की गई है। यह सफलता जल संसाधन विभाग अधीक्षक संजय पाठक के मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है, जिसमें प्रांत अध्यक्ष सीएम दीक्षित का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी निशक्त अधिकारी कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लखन लाल दुबे ने दी है।

## निधन

### राहुल कौशिक



**तखतपुर।** स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ ग्राम दैजा निवासी राहुल कौशिक 30 वर्ष का 6 मार्च को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम दैजा में किया गया।

### दुकान के सामने खड़ा हाइवा ले उड़े चोर, गुजरात में पकड़े गए

# अंतर्राज्यीय हाइवा चोर गिरोह का पर्दाफाश गुजरात के दादोह जिले में पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/जरहागांव

मुंगेली जिले के जरहागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बरेला में टायर दुकान के पास खड़े हाइवा को चोरी कर ली गई। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने अंतराष्ट्रीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बताया कि जरहागांव पुलिस की टीम ने हर पहलुओं पर बारीकी से ध्यान देकर गिरोह का सुराग पता करने में कामयाबी हासिल की।

उन्होंने बताया कि हाइवा मालिक ठेकेदार धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर पिता दिनेश सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी पंडरिया ठेकेदारी का काम करता है एवं अंशु कंस्ट्रक्शन का संचालक है। उसने अपनी हाइवा क्रमांक सीजी 10 बीएन 5500 को मेटेरियल सप्लाई में लगाया था। 26 फरवरी की रात 9 बजे ग्राम रेहुंटा निवासी हाइवा ड्रायवर दीपक निषाद ने हाइवा से रेत खाली कर जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी के टायर में कुछ समस्या आई



आरोपियों के संबंध में जानकारी देते पुलिस अफसर।

और उसने टायर बदलने के लिए बरेला में गजेन्द्र टायर दुकान के सामने खड़ी की। रात होने के कारण ड्राइवर ने दुकान में हाइवा खड़ी कर दी और वहां से चला गया। उसने सुबह आकर देखा तो वहां हाइवा गायब था, जिनकी शिकायत जरहागांव थाना में की गई। शिकायत पर एसपी भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मामले की पड़ताल शुरू की गई। अनेकों सीसीटीवी फुटेज खंगालेने पर हाइवा का नंबर प्लेट चेंज करने तथा एक सफेद स्कॉर्पियो द्वारा हाइवा को फॉलो करते पाया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रूट चार्ट तैयार कर सायबर तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। गुजरात के दाहोद जिले में पुलिस लोकल क्राइम ब्रांच ने चोरी की गई बिना बिना नंबर प्लेट की हाइवा सीजी 10 बीएन 5500 कीमती 45 लाख रूपए एवं घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट की स्कार्पियो कीमत 7 लाख 50 हजार रूपए एवं 5 नग मोबाइल कीमती 75 हजार रूपए सहित घेराबंदी कर 2 आरोपियों को पकड़ लिया एवं 3 आरोपी भागने में कामयाब हो गए। सूचना पर तत्काल जरहागांव पुलिस की टीम तत्काल गुजरात रवाना हुई एवं आरोपी अकरम खान पिता जीमल उम्र 25 वर्ष निवासी झांडा जिला नूह हरियाणा, आजाद मिया पिता मंगतू मियां उम्र 26 वर्ष निवासी बरसाना मथुरा उप्र को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका साथी मोहम्द निवासी सिगांर हरियाणा सहित 2 अन्य साथियों ने हाइवा की डीजल टंकी का लॉकर तोड़कर हाइवा की चोरी कर ली। साथ ही आरोपियों ने बताया कि स्कार्पियो से फॉलो करते जबलपुर होते हुए गुजरात जाने की बात स्वीकर की। पुलिस ने हाइवा सहित घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो तथा 5 नग मोबाइल बरामद कर लिया। लाथ ही आरोपी अकरम खान, आजाद मियां के खिलाफ धारा 303/2 के तहत अपराध पंजीबद्ध न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पापियों का संहार करने भगवान धरती पर जन्म लेते हैं: दुर्गाप्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

स्व राजकुमार धुव्र की वार्षिक श्राद्ध पर 1 से 8 मार्च तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन उनके गांधीडीह स्थित निवास में किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान संतोष धुव्र, संपत्ति धुव्र निरशिया बाई हैं। एवं कथा व्यास पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी पंडारिया कबीरधाम हैं। कथा के पांचवें दिन उन्होनें राम कथा एवं कृष्ण जन्मोत्सव कथा का वर्णन किया। कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि उग्रसेन का पुत्र कंश जो महापापी था। कंश को आकाशवाणी हुई कि देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रुप में तेरा काल पैदा होगा। उसने अपनी बहन देवकी सहित वासुदेव को मथुरा में बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। भगवान ने आठवें नंबर में देवकी के गर्भ में प्रवेश किया एवं भगवान के जन्म लेते ही कारागार के सभी दरवाजे खुल गए। अंत में भगवान कृष्ण ने कंश का वध कर मथुरा के लोगों को उसके आतंक से मुक्ति दिलाई। जब-जब पृथ्वी पर असुरों का अत्याचार बढ़ता है तब-तब भगवान उनके उद्धार के लिए जन्म लेते हैं।



## फर्जी डीओ से धान का उठाव कर बेचने वालों को कारावास

**करगीरोड कोटा।** रतनपुर क्षेत्र के भरारी स्थित धान खरीदी केंद्र से फर्जी डीओ के सहारे 200 क्विंटल धान का उठाव कर बेचने वाले आरोपी ट्रक ड्राइवर और मुंशी को कोर्ट ने कारावास की एवं अर्थदंड की सजा सुनाई है। भरारी स्थित धान खरीदी केंद्र में 30 नवंबर 2015 को द्वारिका यादव दुर्गा राइस मिल का मुंशी बनकर पहुंचा और खरीदी केंद्र के कर्मचारियों को कंप्यूटर में डीओ चेक करने की बात कहकर अपने ट्रक में 200 क्विंटल धान लोड करा लिया। इसके बाद धान को लेकर वह ड्राइवर चंद्रिका प्रसाद दुबे के साथ वहां से निकल गया। 6 दिन बाद 6 दिसंबर को दुर्गा राईस मिल के कर्मचारी ट्रक लेकर धान खरीदी केंद्र पहुंचे तो समिति प्रबंधक ने उन्हें बताया कि चंद्रिका प्रसाद और द्वारिका डीओ दिखाकर धान लेकर चले गए हैं। साथ ही प्रबंधक ने उनका ट्रक नंबर भी बताया। इस फर्जीवाड़े की शिकायत रतनपुर थाने में की गई। मामले की जांच के बाद पुलिस ने द्वारिका को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि वह धान लेकर गतौरी तक गया और वहां वह ट्रक से उतर गया। इसके बाद लक्ष्मी प्रसाद ट्रक पर चढ़ गया। लक्ष्मी और चंद्रिका ने धान को सेलर में रहने वाले प्रताप सिंह कश्यप के पास बेच दिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट कल्पना भगत ने द्वारिका प्रसाद यादव और चंद्रिका प्रसाद दुबे को एक-एक वर्ष की कारावास व लक्ष्मी प्रसाद उर्फ सालिक राम व प्रताप सिंह कश्यप को एक महीने 15 दिन की कारावास की सजा सुनाई।

## राशन दुकान संचालन के लिए मंगाए गए आवोदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम भथरी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान के संचालन हेतु ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां एवं अन्य सहकारी समितियों से 20 मार्च तक आवेदन मंगाए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बताया कि इच्छुक समितियां आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुंगेली में कार्यालयीन समय पर जमा कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया और पात्रता संबंधी अधिक जानकारी संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।







## खबर संक्षेप

### लापता ग्रामीण की एनीकट में मिली लाश

**बिलासपुर।** मछली मारने निकले ग्रामीण की एनीकट में लाश मिली है। पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण टण्डन ने बताया, 4 मार्च को हरदी निवासी प्रभू केंवट घर से मछली मारने जाने की बात कहकर घर से निकला था, उसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन घरवालों ने एनीकट में जाकर देखे तो किनारे में उसका कपड़ा मिला। घरवालों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर लिया था। 6 मार्च को एनीकट में उसकी लाश मिली है। पुलिस ने शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### पट्टी लिखने वाला सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सरकण्डा क्षेत्र में सट्टे का खेल शुरू हो गया है। पुलिस ने सट्टापट्टी लिखने वाले एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है।
गुरूवार को सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली कि इमलीभाठा जोगी आवास मेन गेट के पास बरगद पेड़ के नीचे बैठकर एक युवक सट्टापट्टी लिख रहा है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश देकर पट्टी लिखने वाले इमलीभाठा जोगी आवास निवासी जितेन्द्र बाघमारे पिता शीतल बाघमारे 42 साल को सट्टापट्टी लिखते पकड़ लिया। उसके पास से 1 हजार 980 रुपए व सट्टपट्टी बरामद की गई है। पुलिस ने छ.ग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सूने मकान में चोरी दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सूने मकान से चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनसे जेवर जब्त कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार अशोकनगर अटल आवास निवासी पिताबंर साहू 22 फरवरी को घर के दरवाजे में ताला लगाकर महाकुंभ नहाने प्रयागराज चले गए थे। 24 फरवरी को रात 10.30 बजे वापस आए तो ताला टूटा मिला। अंदर सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारी से सोने का मंगलसूत्र, टाप्स, फुल्ली, पायल, चांदी का चेन, अंगूठी, बिछिया सहित डेढ़ लाख के जेवर चोरी हो गए थे। पुलिस ने आरोपी अशोकनगर निवासी विशु श्रीवास, आशुतोष तिवारी को गिरफ्तार कर जेवर बरामद कर लिया है।

### मकान में लगी आग घरेलू सामान खाक



**बिलासपुर।** सकरी थाने के अनुसार, 5 मार्च को दोपहर 12 बजे ग्राम पोंड़ी निवासी अभिषेक कौशिक पिता रामअमूल कौशिक के मकान में आग लग गई। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने गांव पहुंचकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया। आग से उनके घर में रखे घरेलू सामान जलकर राख हो गए हैं। आग लगने का कारण अज्ञात है।

### युवती से अनाचार युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सरकण्डा थाना के प्रधान आरक्षक संगीता नेताम ने बताया, वर्ष 2019 में सक्ती जिले की एक युवती सकरी क्षेत्र में रहकर प्राइवेट काम करती थी। उसी संस्थान में आसमा सिटी निवासी करण यादव 28 साल काम करता था, जिससे दोनों के बीच जान पहचान हो गई थी। युवक युवती से सरकण्डा क्षेत्र के ओयो होटल में शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। युवती ने शादी करने कहा तो युवक ने इनकार कर दिया। पुलिस युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर धारा 376, 2 के तहत युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वर्तमान में वह व्यापार विहार में बैटरी दुकान में काम कर रहा था।

---

**वर्ष 2019 के बाद से दरों में वृद्धि नहीं** | **नई गाइड लाइन दर की तैयारी के संबंध में नहीं आया निर्देश**

# पांच साल से नहीं बढ़े जमीनों के सरकारी बाजार मूल्य

**बिलासपुर।** अगले माह से नया वित्तीय वर्ष चालू हो जाएगा, लेकिन इस बार भी नए वित्तीय वर्ष में अचल संपत्ति जमीन के शासकीय गाइड लाइन दरों में बढ़ोतरी होगी कि नहीं इसकी कोई सुगबुगाहट नहीं है।

पिछले पांच साल से गाइड लाइन दरों में जमीन की कमी नहीं बढ़ी है और अभी तक नए गाइड लाइन में दर वृद्धि को लेकर कोई निर्देश शासन से नहीं आया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी जमीन की शासकीय बाजार मूल्य बढ़ने की संभावना नजर नहीं आ रही है। सभी जिलों से जिला स्तरीय मूल्यांकन समितियों द्वारा शासकीय बाजार मूल्य निर्धारण के संबंध में अपना-अपना प्रस्ताव केन्द्रीय मूल्यांकन समिति व शासन को भेजा जाता है, किन्तु अभी तक मूल्यांकन समिति की बैठक भी नहीं हुई है। वर्ष 2019 के बाद से जमीन के शासकीय बाजार मूल्य में बढ़ोतरी नहीं हुई है उसके पूर्व हर साल नए वित्तीय वर्ष अप्रैल माह से जमीन की शासकीय बाजार मूल्य में वृद्धि होती रही है, लेकिन पिछले पांच साल से जमीन की शासकीय बाजार मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। बीच में कोरोना महामारी के चलते जमीन खरीदी-बिक्री का कारोबार प्रभावित रहा, इसलिए जमीन की शासकीय दर नहीं बढ़ाई गई। उसके बाद के वर्षों में भी राज्य शासन जमीन के बाजार मूल्य बढ़ाने के पक्ष में नहीं रही।

इस तरह से गाइड लाइन में जमीन की बाजार मूल्य बढ़ाए जाने को लेकर इस बार भी अभी तक कोई सुगबुगाहट नहीं है और न ही मूल्यांकन समिति की बैठक हुई है।

### रजिस्ट्री शुल्क में दी गई थी 30 फीसदी छूट

पूर्व में जमीन के सरकारी गाइड लाइन कीमतों में 30 प्रतिशत की छूट दी गई थी। उसके बाद 75 लाख रुपए तक के मकानों के रजिस्ट्री में पंजीयन शुल्क जो 4 फीसदी लगता था, उसे घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया गया था। क्योंकि बाजार मूल्य गाइड लाइन दरों में 30 फीसदी की कटौती के बाद पंजीयन शुल्क 4 फीसदी लिया जा रहा था। इसमें आवासीय मकानों में छूट उल्लेखित किया गया था। सरकार द्वारा बाजार मूल्य गाइड लाइन दरों में 30 प्रतिशत की कमी के बाद पंजीयन शुल्क 0.8 प्रतिशत से बढ़ाकर गाइड लाइन मूल्य का 4 प्रतिशत कर दिया था। ऐसे में 30 फीसदी छूट का कोई मतलब नहीं निकल रहा था, इसलिए पंजीयन शुल्क में कमी करने का निर्णय लिया गया था।

### खुले बाजार में बढ़ रही जमीन की कीमत

राज्य शासन भले ही जमीन की शासकीय बाजार मूल्य में कोई बढ़ोतरी नहीं कर रही है, लेकिन यह सच बात है कि जमीन का जो शासकीय बाजार मूल्य निर्धारित है, उससे खुले बाजार में कहीं अधिक कीमत पर जमीन की खरीदी-बिक्री हो रही है। यही नहीं जमीन की कीमत खुले बाजार में हर साल बढ़ती जा रही है। शहर एवं शहर से लगे हुए आसपास एरिया में जहां पर प्लाटिंग हो रही है या कालोनी बन रही है वहां पर जमीन की कीमत आसमान छूने लगी है।

### अभी कोई निर्देश नहीं मिला

अचल संपत्ति के शासकीय बाजार मूल्य में वृद्धि के संबंध में अभी स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं चल रहा है। इसके संबंध में जो भी प्रक्रिया वह शासन स्तर पर चल रही होगी, फिलहाल अभी कोई निर्देश नहीं मिला है।

**-आरके स्वर्णकार**
जिला पंजीयक

---



अपोलो हास्पिटल जाने वाले सड़क पर किया जा रहा नाला निर्माण।

# अपोलो से चिंगराजपारा मार्ग सालों से खस्ताहाल 80 लाख रूपए की लागत से सुधरेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो चौक से चिंगराजपारा जाने वाले मार्ग की हालत खस्ताहाल है, सड़क पर सैकड़ों गड्ढें हैं, जिसपर चलना दूभर हो चुका है। लोग पिछले 5 सालों से इस बदहाल सड़क से गुजर रहे हैं, हाल ही में 80 लाख रूपए का फंड नगर निगम को मिल चुका है, जिसपर वर्क आर्डर कर निर्माण शुरू कराया है। 1 किमी की सड़क पर लोगों को हिचकोले खाते हुए आवागमन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

- नाले की पुलिया बनाने में जुटा नगर निगम

निगम के अधिकारियों ने चांटीडीह से अपोलो चौक तक सड़क निर्माण और स्ट्रीट लाइन के लिए साल भर पहले सवा 3 करोड़ का स्टीमेट राज्य सरकार को भेजा था, लेकिन राज्य सरकार ने महज 80 लाख रूपए सड़क निर्माण के लिए स्वीकृत किए हैं, जिसपर निगम ने ठेका देकर चिंगराजपारा से अपोलो चौक तक निर्माण शुरू करा दिया है। वर्तमान में अपोलो चौक पर स्थित नाले की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, इसके बाद सड़क का निर्माण किया जाएगा। 5 साल बाद सड़क सुधारने से आसपास के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### चौड़ाई बढ़ाने की मांग

सड़क पर काफी वाहनों का दबाव रहता है, सड़क संकीर्ण होने के कारण इसके चौड़ीकरण की मांग भी क्षेत्रीय नेताओं ने की थी, लेकिन जिस पर सड़क के लिए सीमित फंड निगम को मिला है उसमें सड़क की चौड़ाई बढ़ाना मुश्किल है। जानकारों के मुताबिक इस राशि से महज डामरीकरण किया जा सकेगा। खास बात यह है कि रात होते ही पूरी सड़क अंधेरे में डूब जाती है, संभाग का सबसे बेहतर अपोलो अस्पताल भी इसी सड़क पर मौजूद है लेकिन इसके बावजूद नगर निगम द्वारा सुविधा में कमी की जाती रही है।

### वर्कआर्डर कर दिया गया है जारी

सड़क की स्वीकृति मिल चुकी है, हमनें टेंडर कर वर्कआर्डर जारी कर दिया है। वर्तमान में नाले की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, इसके बाद सड़क का काम शुरू किया जाएगा।

**-अमित कुमार**, कमिश्नर, नगर निगम

---

**बड़े बकायादारों के खिलाफ होगी कार्रवाई**

# टैक्स नहीं पटाया, निगम ने की पाइप फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



नगर निगम के अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सालों से संपत्ति समेत अन्य टैक्स नहीं पटाने वाले केसरी पाइप फैक्ट्री को सील कर दिया है। टिकरापारा स्थित केसरी पाइप फैक्ट्री का पिछले आठ-नौ साल का 33 लाख 84 हजार 354 रुपए टैक्स बकाया था।

- 33 लाख से अधिक का टैक्स बकाया

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में नगर निगम टैक्स वसूली पर पूरी तरह जोर दे रही है। यहां तक पुराना बकाया टैक्स वसूली पर भी ध्यान दिया जा रहा है और बड़े बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसी तरह के बड़े बकायादार एक पाइप फैक्ट्री को आज सील कर दिया गया है। शहर के टिकरापारा स्थित केसरी पाइप फैक्ट्री का वर्ष 2016-17 से अब तक 33 लाख 84 हजार 354 रुपए राजस्व बकाया था। बकाया टैक्स जमा करने के लिए निगम की ओर से कई बार नोटिस भी जारी किया गया था। बावजूद इसके फैक्ट्री संचालक द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था और न ही बकाया राशि जमा की गई। नोटिस के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं करने पर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने फैक्ट्री को सील करने के निर्देश दिए, जिसके बाद अतिक्रमण और राजस्व अमले ने आज केसरी पाइप फैक्ट्री को सील कर दिया है। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने ऐसे सभी बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वित्तीय वर्ष के अंतिम तारीख तक बकाया राजस्व तेजी से वसूलने और लक्ष्य पूरा करने को कहा है।

### सलूजा स्टील पर 25 हजार जुर्माना

ननि के अतिक्रमण शाखा दस्ता द्वारा आज दयालबंद क्षेत्र में मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई गांधी चौक से जगमल चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकान के बाहर लगे स्थाई बोर्ड, स्टैंड बोर्ड, टपरी, ठेले इत्यादि हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सलूजा स्टील वाले द्वारा छड़ को दुकान के बाहर सड़क पर रखा गया था। इस पर नगर निगम द्वारा सलूजा स्टील पर 25 हजार रुपए जुर्माना ठोंका गया है।

### कमिश्नर ने टैक्स जमा करने की अपील

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने शहरवासियों से 31 मार्च तक राजस्व कर जमा करने की अपील करते हुए कहा है कि नगर निगम के आय का एक बड़ा स्रोत राजस्व है, जिसके आधार पर नागरिकों को मूलभूत सुविधा और विकास कार्य कराए जाते हैं। निगम के सुचारू एवं निर्बाध सेवा के संचालन के लिए सभी अपना राजस्व कर 31 मार्च तक जमा करें।

### पिछले माह 4 करोड़ 74 लाख की वसूली

निगम द्वारा पिछले 6 माह से राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाने का असर दिखने लगा है। टैक्स वसूली में लगे राजस्व विभाग ने सिर्फ फरवरी माह में ही 4 करोड़ 74 लाख 32 हजार रुपए की वसूली किया है और मार्च महिने में 1 तारीख से 5 मार्च तक 2 करोड़ 2 लाख 81 हजार रुपए राजस्व वसूला है।

---

# वीडियो वायरल होते ही पटवारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर तहसील के हल्का नंबर 1 ग्राम पुडु के पटवारी अनिकेत साव को एसडीएम कोटा ने निलंबित कर दिया है। हफ्ते के भीतर पटवारी को आरोप पत्र देकर उनपर विभागीय जांच भी की जाएगी। पटवारी पर बंजर जमीन को खेती की भूमि बताकर समर्थन मूल्य पर धान बेचने का आरोप लगा है और पटवारी के द्वारा इसपर घूस लेने की बात सामने आ चुकी है। खास बात यह है इंटरनेट पर घूस लेने का विडियो भी वायरल हो चुका है, जिसके बाद प्रशासन में हड़कंप मच चुका है।

कोटा एसडीएम ने पटवारी अनिकेत साव को निलंबित कर दिया है। दरअसल तेंदूभाठा क्षेत्र में बंजर भूमि को खेती की जमीन बताकर धान बिक्री का मामला सामने आया था। जांच पूरी होने से पहले ही पटवारी और उपसरपंच का एक ऑडियो वायरल हो गया, जिसमें उपसरपंच पटवारी से रुपये की मांग कर रहा था और किसी इमरान को देने की बात कह रहा था। बातचीत के दौरान पटवारी ने 10 हजार रुपये देने की सहमति जता दी। इस ऑडियो के साथ ही पटवारी का एक पुराना वीडियो भी वायरल हुआ, जिसमें वह पुडु गांव के एक किसान से रुपये लेते दिख रहा है। यह मामला उजागर होते ही प्रशासन ने पटवारी को अपना पक्ष रखने का समय दिया, लेकिन अवैध रूप से रूपए लेते हुए विडियो में घूस की बात सामने आने के बाद भी पटवारी द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया, जिसके बाद छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के तहत पटवारी पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### तीन साल में चौथी बार निलंबन

सूत्रों के मुताबिक, पटवारी अनिकेत साव की कार्यशैली हमेशा से ही संदिग्ध रही है। बीते तीन वर्षों में यह चौथी बार है जब उन्हें निलंबित किया गया है। लापरवाही और अनियमितताओं के चलते पहले भी उस पर कार्रवाई हो चुकी है। एसडीएम ने उसके अब तक के कार्यकाल की जांच के आदेश दिए हैं। संभावना जताई जा रही है कि आगे और भी फर्जीवाड़े सामने आ सकते हैं। प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### आरोप पत्र के बाद होगी एफआईआर

बताया जा रहा है कि एक हफ्ते के भीतर पटवारी साव को आरोप पत्र देकर विभागीय जांच शुरू की जाएगी, इस संबंध में अन्य पक्षों का कथन लिया जाएगा। साथ ही वायरल विडियो और आडियो की फारेंसिंक जांच भी कराई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि आडियो में उपसरपंच के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का नाम भी सामने आया है, उसे भी पार्टी बनाया जाएगा और पटवारी के साथ ही उससे दबावपूर्वक रूपए मांगने वाले पर भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### दिया जाएगा आरोप पत्र

आडियो और वीडियो में पटवारी अनिकेत साव के होने की बात सामने आई है, फिलहाल उसे निलंबित किया गया है। विभागीय जांच से पहले उसे आरोप पत्र दिया जाएगा। वहीं पिछले निलंबन के दौरान हुई जांच पर भी गौर किया जाएगा और इस दौरान कदाचरण में लापरवाही और सिविल सेवा के नियमों के उल्लघंन की बात सामने आने पर बर्खास्त भी किया जा सकता है।

**-तन्मय खन्ना**
एसडीएम, कोटा

---

# अब सिरगिट्टी अभिलाषा परिसर से कार के चारों चक्के ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** तेलीपारा के बाद अब सिरगिट्टी अभिलाषा परिसर में चोरों ने ईंट का जैक लगाकर स्विफ्ट कार के चारों चक्के निकाल लिए और भाग गए। रात्रि गश्त का दावा करने वाली पुलिस को हवा भी नहीं लगी।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा एलआईजी 1 डी 39 अभिलाषा परिसर निवासी ट्रांसपोर्टर सुरेन्द्र सिंह पिता रणवीर सिंह 5 मार्च की रात 9 बजे अपनी स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी एचआर 16 डब्ल्यू, 3542 से घर आए और सड़क किनारे अपनी कार खड़ी कर घर चले गए। खाना खाने के बाद वे सो गए। 6 मार्च की सुबह 5 बजे वे सोकर उठकर देखे तो उनकी कार के चारों चक्के गायब हैं। चोरों ने ईंट का जैक लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने अपने भाई के साथ क्षेत्र में पतासाजी की, किन्तु चोरों का पता नहीं चल पाया। श्री सिंह ने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके का निरीक्षण कर लौट गई। पुलिस ने श्री सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### एक दिन पहले कश्यप कालोनी में हुई थी चोरी

4 मार्च की रात ईंट का जैक लगाकर तेलीपारा कश्यप कालोनी निवासी मनीष कुमार कश्यप की स्विफ्ट कार के चारों चक्के व जितेन्द्र गुप्ता की स्विफ्ट कार का एक चक्का चोरी कर लिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में वेगनआर से आकर दो युवक चोरी करते नजर आ रहे थे। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई और तिफरा क्षेत्र में दूसरी वारदात हो गई।

---

# चलती ट्रेन से कचरा फेंकने वाले सफाई कर्मी की गई नौकरी

**बिलासपुर।** चलती ट्रेन ट्रैक पर कूड़ा फेंकने वाले सफाई कर्मी को नौकरी से निकाल दिया गया है। साथ ही रेलवे हाउसकीपिंग सर्विस प्रदान करने वाली कंपनी के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। कंपनी को सफाई कॉन्ट्रैक्ट के पारा 9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।

जानकारी के अनुसार 28 फरवरी को गाड़ी संख्या 04115 सूबेदारगंज-लोकमान्य तिलक स्पेशल में सफाई कर्मी कंचनलाल की ड्यूटी लगाई गई थी। उसने सफाई के दौरान चलती ट्रेन से ट्रैक पर कूड़ा फेंका था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसके बाद रेलवे को मामले की जानकारी मिली और जांच में सही पाया।

रेलवे ने ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस प्रोवाइड करने वाली कंपनी के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए प्रयागराज मंडल द्वारा ठेकेदार पर 25000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही ठेकेदार को कड़ी चेतावनी दी। रेलवे ने हाउसकीपिंग सुविधा उपलब्ध कराने वाली सभी कंपनियों को निर्देश दिया है कि कर्मचारियों को इधर-उधर कूड़ा निस्तारण न करने और चलती ट्रेन से कचरा न फेंकने के संबंध में प्रशिक्षित करें।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport



रिजर्वेशन कोच
24 जून से 04 जुलाई 2025, 08 जुलाई से 18 जुलाई 2025, 29 जुलाई से 08 अगस्त 2025 (11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 18,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक: 27 मार्च 2025, 13 अप्रैल 2025, 03 मई 2025, 29 मई 2025, 16 जुलाई 2025, 27 जुलाई 2025, 16 अगस्त 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)